पंजीयन क्र. 50309/85 के अन्तर्गत भारत सरकार के समाचार पत्रों के रजिस्ट्रार द्वारा पंजीकृत। डाक पंजीयन क्र. म.प्र./261/ भोपाल/2009-11

गुलज़ार

हेकड़ी

एक सिकन्दर था पहले, मैं आज सिकन्दर हूँ
अपनी धुन में रहता हूँ, मैं मस्त कलन्दर हूँ

ताजमहल पे बैठ के मैंने ठुमरी-वुमरी गाई
शाहजहाँ भी जाग गए, आ बैठे ओढ़ रजाई
मैं जितना ऊपर दिखता हूँ उतना ही अन्दर हूँ
एक सिकन्दर था पहले, मैं आज सिकन्दर हूँ

कार्ल मार्क्स से बचपन में खेला है गिल्ली डण्डा
एफिल टावर पे चढ़ के छीना है चील से अण्डा
ऐवरेस्ट की चोटी भी हूँ मैं एक समन्दर हूँ
एक सिकन्दर था पहले, मैं आज सिकन्दर हूँ

लन्दन जा के जॉर्ज किंग को मैंने गाना सुनाया
क्या नाम था रब-रक्खे उस को तबला सिखाया
हरफन-मौला कहते हैं मैं एक धुरन्धर हूँ
अपनी धुन में रहता हूँ, मैं मस्त कलन्दर हूँ

एक सिकन्दर था पहले, मैं आज सिकन्दर हूँ!!

रैक्स डी रोज़ारियो की ओर से सी. एन. सुब्रह्मण्यम द्वारा प्रकाशित तथा सी. एन. सुब्रह्मण्यम द्वारा मुद्रित तथा आर. के. सिक्युप्रिन्ट प्रा. लि. में मुद्रित एवं प्लॉट नम्बर 15-बी, गोविन्दपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल - 462021 (फोनः 0755 - 2687589) में प्रकाशित।
सम्पादकः सुशील शुक्ल, एकलव्य, ई-10, शंकर नगर, 61/2 बस स्टॉप के पास, भोपाल 462016, म.प्र.